<u>हिन्दी प्रादेशिक समाचार</u>

<u>आकाशवाणी चंडीगढ़</u>

(तिथि 11 मई 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा - सोमनाथ अमृत पर्व आने वाले एक हजार वर्षों तक देश की प्रेरणा बनेगा।
- सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर पिहोवा के गांव अरुणाय स्थित संगमेश्वर महादेव मंदिर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बच्चों को भारत की संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना से परिचित कराने पर बल दिया।
- हरियाणा के विभिन्न जिलों में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर विशाल कलश यात्राएँ निकाली गईं।
- केंद्र सरकार ने कहा - देशभर में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार - घरेलू एल पी जी की आपूर्ति निरंतर जारी।
- हरियाणा में आज रात और आने वाले दिनों में बारिश की संभावना बनी।

************************************************************

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सोमनाथ मंदिर अटूट आस्था, दिव्यता और देश की शाश्वत आत्मा का प्रतीक है। गुजरात में सोमनाथ अमृत महोत्सव को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सोमनाथ अमृत पर्व केवल अतीत का उत्सव नहीं है बल्कि यह आने वाले एक हजार वर्षों तक देश की प्रेरणा बनेगा।

*<u>यहां देख रहा हूं विनाश में सृजन के संकल्प को, जिसे सोमनाथ ने चरितार्थ किया है। मैं यहां देख रहा हूं, असत्य पर सत्य की विजय को, जिसे प्रभास पाटन ने बार-बार जिया है। मैं यहां देख रहा हूं हजारों वर्षों की अध्यात्मिक चेतना को, जिसने मानव मात्र के कल्याण की सीख समूचे विश्व को दी है। मैं यहां देख रहा हूं भारत के उस अविनाशी स्वरूप को जिसे सदियों के कुत्सित प्रयास भी न मिटा सके, न हरा सके।</u>*

श्री मोदी ने कहा कि सोमनाथ लोगों को यह याद दिलाता है कि कोई भी राष्ट्र तभी लंबे समय तक मजबूती से खड़ा रह सकता है जब वह अपनी जड़ों से जुड़ा रहे।

*आजादी के समय सरदार साहब ने पांच सौ से ज्यादा रियासतों को जोड़कर एक भारत का आधुनिक स्वरूप गढ़ा था और साथ ही सोमनाथ के पुनर्निर्माण से उन्होंने दुनिया को बताया था, भारत केवल आजाद नहीं हुआ है, भारत अपने प्राचीन गौरव को पुन: हासिल करने के मार्ग पर भी अब आगे बढ़ चुका है।*

प्रधानमंत्री ने इस दौरान भारत द्वारा 11 मई 1998 को किए गए तीन परमाणु परीक्षण का जिक्र भी किया।

*दुनियाभर की शक्तियां भारत को दबोचने के लिए मैदान में उतरी। अनेक प्रकार के बंधन लग गए, उस समय पूरी दुनिया का दबाव भारत था, लेकिन अटल जी के नेतृत्व में बीजेपी सरकार ने दिखाया था कि हमारे लिए राष्ट्र प्रथम है। दुनिया की कोई ताकत भारत को झुका नहीं सकती।*

इससे पहले प्रधानमंत्री ने सोमनाथ महादेव मंदिर में विशेष महापूजा की। उन्होंने सोमनाथ मंदिर के शिखर पर कुंभाभिषेक भी किया। मंदिर के इतिहास में पहली बार शिखर पर 11 तीर्थ स्थलों से लाए गए पवित्र जल से जलाभिषेक किया गया। श्री मोदी ध्वजारोहण समारोह में भी शामिल हुए। इस बीच, वायुसेना ने एयर शो किया जिसमें सूर्यकिरण एयरोबैटिक्स टीम ने सोमनाथ के ऊपर मनमोहक करतब दिखाए। हेलीकॉप्टर के जरिए पुष्प वर्षा की गई। इसके बाद श्री मोदी ने विशेष प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

************************************************************
**********

पिहोवा के गांव अरुणाय स्थित संगमेश्वर महादेव मंदिर में आज सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कहा कि सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के माध्यम से भारत अपनी जड़ों से जुड़ रहा है। इसी श्रृंखला में हम आज सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मना रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण स्वतंत्र भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का उद्घोष था। श्री नायब सिंह ने कहा, जो समाज अपने इतिहास को भूल जाता है उसका भविष्य भी कमजोर हो जाता है। हमें अपने बच्चों को यह बताने की आवश्यकता है कि भारत केवल भौगोलिक सीमा नहीं है भारत एक सभ्यता है एक संस्कृति है, एक आध्यात्मिक चेतना है

************************************************************
**********

हरियाणा के विभिन्न जिलों से भी सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर विशेष कार्यक्रमों के आयोजन के समाचार मिले हैं।

हरियाणा के ऊर्जा अनिल विज अम्बाला छावनी के कैलाश हाथीखाना मंदिर में आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए

************************************************************

जींद में 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय शिव चौक से ऐतिहासिक जयंती देवी मंदिर तक निकाली गई विशाल कलश यात्रा से हुआ। मंदिर पहुँचने पर भगवान शिव का विधिवत जलाभिषेक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्□ा ने मीडिया से रूबरू होते हुए  कहा-

************************************************************
**********

पलवल के प्राचीन श्री जंगेश्वर महादेव मंदिर परिसर में भी ‘‘सोमनाथ स्वाभिमान पर्व’’ का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा सरकार के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम में

हथीन के विधायक मोहम्मद इसराइल,जिला अध्यक्ष विपिन बैंसला भी मौजूद रहे। खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व भारत की उस अटूट आस्था, सांस्कृतिक चेतना और आत्मसम्मान का प्रतीक है।

************************************************************************

हरियाणा के जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने सिरसा की मुल्तानी कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में सोमनाथ सद्भावना पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने सोमनाथ मंदिर के इतिहास व पुननिर्माण पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ भी किया। महिलाओं द्वारा नेहरू पार्क से मंदिर परिसर तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई।

************************************************************************

फरीदाबाद सैनिक कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में भी "सोमनाथ स्वाभिमान पर्व" श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत सैनिक कॉलोनी सामुदायिक केंद्र से निकाली गई भव्य कलश यात्रा से हुई।

हरियाणा की महिला बाल विकास एवं सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने भिवानी के जोगीवाला मंदिर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर पूजा अर्चना की।

************************************************************************

केंद्र सरकार ने कहा है कि देशभर में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। आज नई दिल्ली में पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति पर अंतर मंत्रालयी ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि और घरेलू एलपीजी की आपूर्ति निरंतर जारी है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने की अपील को दोहराया और सार्वजनिक परिवहन और कार पूलिंग का उपयोग करने को कहा।

************************************************************
**********

हरियाणा में आज सुबह हिसार और आसपास के इलाकों में हल्की बारिश हुई। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर मदन लाल खिचड़ ने बताया कि आज रात को भी बारिश होने की संभावना बनी हुई है।

उन्होंने कहा कि यह बारिश नरमा और कपास की फसलों के लिए बहुत फायदेमंद रहेगी। साथ ही बिजाई के लिए तैयार खेतों में नमी संचित होने से किसानों को लाभ मिलेगा।

************************************************************
**********